भारत के अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के नाम और उनके स्थान की सूची

हवाई अड्डे या एयरपोर्ट किसे कहते है?

विमानक्षेत्र या हवाई अड्डा वह स्थान होता है, जहां कोई भी वायु वाहन, जैसे वायुयान (ऐरोप्लेन), हैलीकॉप्टर, इत्यादि उड़ान भरते और उतरते हैं। विमानों को यहां भंडारण भी किया जा सकता है। एक विमानक्षेत्र में कम से कम एक उड़ान पट्टी अवश्य होती है, एक हैलीपैड और टर्मिनल इमारत भी होती हैं। इनके अलावा हैंगर भी हो सकते हैं।

भारत में वायु परिवहन का इतिहास:

भारत में वायु सेवा का इतिहास काफी पुराना है। भारत में काफी एयरपोर्ट हैं जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (International Airport) शामिल हैं। भारत में वायु परिवहन की शुरुआत 1912 ई. में हुई थी। भारतीय विमान निगम (इंडियन एयरलाइंस) देश के आंतरिक भागों के अतिरिक्त समीपवर्ती देश नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों के साथ-साथ अपनी सेवाएं प्रदान करती हैं। इसके अलावा भारतीय विमान निगम विदेशी सेवाओं के लिए भी अपनी सेवाएं प्रदान करता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नवम्बर 2016 में जारी डाटा के अनुसार भारत में कुल 34 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एयरपोर्ट) है, जिनके नाम और स्थान की सूची नीचे दी गई है।

भारत में वायु परिवहन से सम्बंधित रोचक तथ्य:

- भारत की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय वायु सेवा कराची से चेन्नई के बीच प्रारंभ की गई थी।
- भारतीय राष्ट्रीय वायु परिवहन कंपनी की स्थापना वर्ष 1933 में हुई थी।
- देश की सभी वायु परिवहन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण साल 1953 में किया गया था और उन्हें दो निगमों – भारतीय विमान निगम (इंडियन एयरलाइंस) और एयर इंडिया के तहत रखा गया था।
- भारत में घरेलू सेवाओं के लिए साल 1981 में "वायुदूत" नामक तीसरे निगम की स्थापना की गयी थी, लेकिन बाद में इंडियन एयरलाइंस में विलय कर दिया गया था।
- साल 2010 में एयर इंडिया और इंडियन एयरलांइस का विलय हो हुआ था।
- इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी फुरसतगंज (उत्तर प्रदेश) में स्थित है।
- भारत में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण की स्थापना जून 1972 में की गई थी।

- राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण की स्थापना साल 1986 में की गई थी।

भारत के अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की सूची

हवाई अड्डा	**राज्य**
इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	नई दिल्ली, दिल्ली
कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कन्नूर, केरल
कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोझीकोड, केरल
केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	बंगलुरू, कर्नाटक
कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोच्चि, केरल
कोयम्बटूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोयम्बटूर, तमिलनाडु
गया हवाई अड्डा	गया, बिहार
गोवा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	गोवा, गोवा
चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	चेन्नई, तमिलनाडु
चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा	लखनऊ, उत्तर प्रदेश
छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मुंबई, महाराष्ट्र
जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	जयपुर, राजस्थान
ज़रुकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	शिलांग, मेघालय
डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	नागपुर, महाराष्ट्र
तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा<	तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु
त्रिवेन्द्रम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	तिरुवनंतपुरम, केरल
देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	इंदौर, मध्य प्रदेश
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोलकाता, पश्चिम बंगाल
पुणे हवाई अड्डा	पुणे, महाराष्ट्र
बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	भुवनेश्वर, ओडिशा
मंगलौर हवाई अड्डा	मंगलौर, कर्नाटक
मदुरै हवाई अड्डा	मदुरै, तमिलनाडु
महाराजा नारा सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	इम्फाल, मणिपुर
राजा भोज हवाई अड्डा	भोपाल, मध्य प्रदेश
राजीव गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	हैदराबाद, तेलंगाना
लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	वाराणसी, उत्तर प्रदेश
लोकनायक जयप्रकाश अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	पटना, बिहार

लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	गुवाहाटी, असम
विशाखापत्तनम हवाई अड्डा	विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश
वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	पोर्ट ब्लेयर, अंडमान निकोबार द्वीप समूह
शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मोहाली, पंजाब
श्री गुरू रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	अमृतसर, पंजाब
श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर
सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	अहमदाबाद, गुजरात